राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के पहले दिन पटना और मुंगेर का दबदबा

डीएम व एसपी ने किया उद्घाटन, अंतरराष्ट्रीय तैराक विजेन्द्र राय सम्मानित

बक्सर (आससे)। शहर के एमपी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में मंगलवार को राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय खो-खो (बालक) प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज हुआ। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में नौ प्रमंडलों के साथ एक एकलव्य टीम के कुल 360 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 29 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पटना और मुंगेर की टीमों ने अपने मुकाबलों में दमदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त निहारिका छवि, अपर समाहर्ता रवि बहादुर, वरीय उप समाहर्ता, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय तैराकी पदक विजेता विजेन्द्र राय को सम्मानित किया। उन्हें शॉल, बुके, मोमेंटो, सम्मान पत्र और पौधा भेंट किया गया। विजेन्द्र राय ने वर्ष 2026 में बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में आयोजित दूसरी एशियन मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता में पदक जीता था। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय तीरंदाज मुक्ति नारायण पाठक के मार्गदर्शन में एमपी उच्च विद्यालय में धनुर्विद्या प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। जिला पदाधिकारी ने फीता काटकर और लक्ष्य पर निशाना साधकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

समारोह में विभिन्न प्रमंडलों से आए खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद सभी खिलाड़ियों को खेल भावना और निष्पक्षता के साथ खेलने की शपथ दिलाई गई। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कराकर पहले मुकाबले की शुरुआत कराई।

प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14 वर्ग में पटना ने दरभंगा को एक पाली और पांच अंक से हराया। इसी वर्ग में भागलपुर ने तिरहुत को एक पाली और चार अंक से तथा मुंगेर ने पूर्णिया को एक पाली और 10 अंक से शिकस्त दी। मगध ने कोशी को एक पाली और छह अंक से पराजित किया।

अंडर-17 वर्ग में पटना ने दरभंगा को एक पाली और दो अंक से हराया। वहीं, मुंगेर ने कोशी को एक पाली और 15 अंक से मात दी। अंडर-19 वर्ग में दरभंगा ने पूर्णिया को 11 अंकों से पराजित किया।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अगले दो दिनों में भी विभिन्न प्रमंडलों की टीमें मैदान पर उतरेंगी। खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खेल प्रेमियों की नजर रहेगी।

नगर परिषद कार्यालय के पीछे की सड़क का होगा कायाकल्प

दीपावली से पहले शुरू होगा जीर्णोद्धार

बक्सर (आससे)। शहर की बदहाल सड़कों को संवारने की दिशा में नगर परिषद ने एक और कदम बढ़ाया है। नमक गोला रोड और पुस्तकालय रोड के बाद अब नगर परिषद कार्यालय के पीछे की जर्जर सड़क की भी सूरत बदलने की तैयारी है। वर्षों से उपेक्षा का शिकार इस सड़क का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि नियामतुल्लाह फरीदी ने बताया कि दीपावली से पहले सड़क का काम शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का काम तेजी से पूरा कराने की कोशिश होगी। उम्मीद है कि लोक आस्था के महापर्व छठ से पहले इसे आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इससे शहरवासियों को आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। नगर परिषद की ओर से शहर की अन्य सड़कों को दुरुस्त करने की भी तैयारी है। नियामतुल्लाह फरीदी ने बताया कि ठठेरी बाजार, मुनीम चौक खासकर स्टेशन रोड और कोईरपुरवा मोहल्ले की ओर जाने वाले लोगों को जर्जर सड़क से राहत मिलेगी। नगर परिषद की ओर से शहर की अन्य सड़कों को दुरुस्त करने की भी तैयारी है। नियामतुल्लाह फरीदी ने बताया कि ठठेरी बाजार, मुनीम चौक से यमुना चौक तक सड़क के फुटपाथ और नाले का निर्माण छठ के बाद शुरू कराया जाएगा। इससे इस इलाके में आवागमन और जलनिकासी की समस्या दूर करने में मदद मिलेगी।

चेयरमैन प्रतिनिधि ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की सरकार है। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। नगर परिषद का प्रयास है कि शहर की बदहाल सड़कों को दुरुस्त कर लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिले।

समाहरणालय, सुपौल
सुपौल–852131
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
Email : adss.supaul@gmail.com
बिहार सरकार

अल्पकालीन शुद्धि पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–847/सा०सु०को०, सुपौल, दिनांक–16.10.2026 द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–PR. No.-014029 (SWD) 2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है। प्रकाशित सूचना में उल्लेखित ''इच्छुक निविदादाता कम्बल (ऊनी) की आपूर्ति करने हेतु निविदा–द्वि–लिफाफा प्रणाली में दिनांक 12.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे'' प्रकाशित हो गया है, जिसे दिनांक 11.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे पढ़ा जाय। शेश शर्तें यथावत रहेगी।

सहायक निदेशक
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग
सुपौल

PR- 014388 (Welfare) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

नौ माह में मिले 4,507 टीबी के नये मरीज

बक्सर (आससे)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बक्सर जिले में क्षय रोग (टीबी) मरीजों की पहचान और उनके उपचार की रफ्तार तेज हो गई है। वर्ष 2026 में जनवरी से सितंबर के बीच जिलेभर में कुल 4,507 नए टीबी मरीजों की पहचान की गई है। इसके साथ ही पिछले तीन वर्षों (जनवरी से सितंबर) में कुल 12,742 टीबी रोगियों को चिन्हित किया जा चुका है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि गहन अनुश्रवण और पंचायत से लेकर जिला स्तर तक नियमित फॉलोअप के जरिए मरीजों को समय पर उपचार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही, दवा के साथ पोषण पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। कम नोटिफिकेशन वाले प्रखंडों से रिपोर्ट तलब कर वहां आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। निजी चिकित्सकों की मदद से भी मरीजों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है। प्रखंडवार आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 के शुरुआती नौ महीनों में डुमरांव में सबसे अधिक 2,753 मरीज मिले, जबकि बक्सर सदर में 864 और ब्रह्मपुर में 285 मरीज चिन्हित हुए।

बच्चों को बताया पॉक्सो एक्ट का महत्व, सुरक्षित बचपन के लिए किया जागरूक

मेथोडिस्ट स्कूल में लगा विधिक जागरूकता शिविर

बक्सर (आससे)। बच्चों को यौन शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह और अन्य तरह की हिंसा से बचाने के लिए बुधवार को शहर के मेथोडिस्ट स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आयोजित इस शिविर में बच्चों को पॉक्सो एक्ट-2012 की जानकारी दी गई।

विशेष न्यायाधीश ने बच्चों को समझाये उनके अधिकार

यह कार्यक्रम नालसा, नई दिल्ली के निर्देश पर चलाए जा रहे सुरक्षित बचपन अभियान के तहत आयोजित हुआ। शिविर में पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश अमित कुमार शर्मा ने बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बचपन जीवन का सबसे खूबसूरत दौर है। इस उम्र में बच्चों को पढ़ने, खेलने और अपने सपने पूरे करने का मौका मिलना चाहिए। लेकिन बाल मजदूरी, शोषण, हिंसा और बाल विवाह जैसी समस्याएं आज भी बच्चों के भविष्य को प्रभावित कर रही हैं। विशेष न्यायाधीश ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित माहौल देना परिवार और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझाना जरूरी है। सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के बीच ऑनलाइन खतरों के प्रति भी उन्हें जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबी के कारण कई बच्चे कम उम्र में काम करने लगते हैं। इससे उनकी पढ़ाई छूट जाती है और उनका भविष्य प्रभावित होता है। कम उम्र में शादी होने से भी बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ता है। शिविर में बच्चों की सुरक्षा में परिवार की भूमिका पर भी जोर दिया गया। अभिभावकों को बच्चों से खुलकर बातचीत करनी चाहिए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए। साथ ही, बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी देना जरूरी है। किसी बच्चे के संकट में होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 से सहायता ली जा सकती है। कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए शुभम यादव, आकाश कुमार, वेदिका मिश्रा, वंशिका सिन्हा और श्रेया रानी को विशेष न्यायाधीश ने सम्मानित किया। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी ब्रजेश कुमार तथा प्राधिकार के कर्मचारी सुधीर कुमार, दीपेश कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार और सुनील कुमार मौजूद रहे। विद्यालय की प्राचार्या जैकलिन गार्डनर के साथ शिक्षक विकास प्रकाश, साइमन दयाल, मो. दिलशाद, अजीत माइकल, सुनीता प्रसाद और रेणु वर्मा भी उपस्थित रहे।



बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
(राजभाषा)
आमंत्रण

मान्यवर,

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) के तत्त्वावधान में **दिनांक– 28 अक्टूबर, 2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे पंडित मोहन लाल महतो वियोगी (जन्मतिथि–05 नवम्बर) एवं आचार्य बदरीनाथ वर्मा (जन्मतिथि–10 नवम्बर)** का जयन्ती समारोह फणीश्वरनाथ रेणु, हिन्दी भवन, छज्जूबाग, पटना में आयोजित है।

उक्त अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं

एस० एम० परवेज़ आलम
अपर सचिव–सह–निदेशक

अरविन्द कुमार चौधरी
अपर मुख्य सचिव

PR- 014378 (C S D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

समाहरणालय, नवादा
नवादा –805110
(जिला नजारत शाखा)
बिहार सरकार
न्यायालय :– श्री राजीव कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, नवादा
दूरभाष 06324–212253 (कार्या0), 06324–212240 (आवास), 06324–212904 (फैक्स),
email: dm-nawadah.bih@nic.in

बिहार मद्य निषेध और अधिनियम–2016 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2021–22 के अंतर्गत जप्त वाहन के मालिक के लिए नोटिस :–

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहन के मालिक को सूचित किया जाता है, कि बिहार मद्य निशेध और उत्पाद अधिनियम–2016 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2021–22 के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में निम्नलिखित वाहनों को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय, नवादा (बिहार) में अधिहरण वाद संधारित है। जप्त निम्नलिखित वाहन का अधिहरण हेतु संचालित वादमें सुनवाई हेतु दिनांक–18.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में तिथि निर्धारित की गई है:–

क्रमांक	वाद संख्या	थाना का नाम	थाना कांड संख्या	वाहन का प्रकार	जप्त वाहन का निबंधन सं0/इंजन नं0/चेचिस नं0	वाहन मालिक का नाम
01	02	03	04	05	06	07
01	04/2026	मुफस्सिल	518/25 दिनांक–30.12.2025	बोलेरो	VEHICLE NO:- JH10K9002 ENGINE NO :-GA64F45223, CHESSIS NO- MA1PL2GAK62G34415	श्री विवेक कुमार, पिता–लक्ष्मण मेहता, ग्राम–मसनोडीह, थाना–डोमचाँच, जिला–कोडरमा, (झारखण्ड)–825407

अतएव संबंधित वाहन मालिक को सूचित किया जाता है, कि उक्त वाद में सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि को साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

(राजीव कुमार)
वरीय उप समाहर्त्ता,
नवादा

PR. No. 014343 (District) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

शिक्षा और एकता से ही आगे बढ़ेगा खरवार समाज

आयोग सदस्य और युवा खरवार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



बक्सर (आससे)। खरवार समाज की एकता और सामाजिक विकास को मजबूत करने के उद्देश्य से पुराना भोजपुर और ब्रह्मपुर क्षेत्र में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान बिहार अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य राजू खरवार और युवा खरवार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश खरवार का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में खरवार समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ब्रह्मपुर प्रखंड के दल्लूपुर गांव में मंगलवार को ध्यान खरवार के दरवाजे पर आयोजित समारोह में सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और समाज के विकास पर चर्चा हुई। समाज के लोगों ने अपनी समस्याओं और जरूरतों को भी सामने रखा।

बिहार अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य राजू खरवार ने समाज के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। साथ ही लोगों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समस्याओं के निराकरण के लिए उचित पहल करने की अपील की।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा, आपसी सहयोग और सामाजिक जागरूकता से ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए सभी लोगों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

समारोह में जिलाध्यक्ष परमानंद खरवार, जिला उपाध्यक्ष नंदू खरवार, चौसा प्रखंड अध्यक्ष विनोद खरवार, डुमरांव प्रखंड अध्यक्ष सुनील खरवार, सेमरी प्रखंड महासचिव अरविंद खरवार, जिला महासचिव शैलेश खरवार, आरा जिलाध्यक्ष इंद्रजीत खरवार, बिहिया प्रखंड अध्यक्ष अभिमन्यु खरवार तथा जदयू एसटी जिलाध्यक्ष विनोद खरवार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा आशीष खरवार, सूर्यवंशी राहुल, दिनेश खरवार, दिलीप खरवार, प्रशांत खरवार, उमा खरवार, दशरथ खरवार, हरेराम खरवार, जितेंद्र खरवार, संतोष खरवार, कृपा शंकर खरवार, गुड्डू खरवार, नंद कुमार, गोलू खरवार, आदित्य, पंकज खरवार, दहाड़ी खरवार, छोटू खरवार, शुभम खरवार, अजय खरवार, धनजी खरवार और अमित खरवार समेत समाज के अनेक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में समाज की एकजुटता मजबूत करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

संबल योजना के तहत मोटरराइज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से जवाहर गोंड के जीवन में लौटी आत्मनिर्भरता

बक्सर (आससे)। जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। इसी क्रम में, संबल योजना के तहत बुधवार को बुनियाद केंद्र, डुमरांव के माध्यम से पुराना भोजपुर निवासी दिव्यांग लाभार्थी जवाहर गोंड को मोटरराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की गई।

जवाहर गोंड एक पैर से दिव्यांग होने के कारण लंबे समय से आवागमन की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। दैनिक कार्यों और बाहर आने-जाने के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। मोटरराइज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से अब उनकी यह लाचारी दूर हो गई है और उनका आवागमन बेहद सुगम हो गया है।

इस आधुनिक सहायक उपकरण के मिलने से श्री गोंड को अपनी दैनिक गतिविधियों के संचालन में भारी सहूलियत मिलेगी, जिससे उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को नया संबल मिला है। इस जनकल्याणकारी सहायता के लिए लाभार्थी ने जिला प्रशासन बक्सर और बुनियाद केंद्र, डुमरांव के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।

जिला प्रशासन की यह पहल जिले के दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, उनकी गतिशीलता बढ़ाने और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को मजबूती से दर्शाती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी दिव्यांगजनों को हरसंभव सहायता और सुविधाएं मुहैया कराई जाती रहेंगी।



बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल बक्सर
पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड निर्माण कार्य अन्तर्गत।

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रूपये में)	अग्रधन की राशि (लाख रूपये में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)
01	02	03	04	05	06	07
1	बक्सर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत रहसीचक (पाण्डेयपट्टी) के महादलित टोला हुकर्हों में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। (मौजा – हुकर्हों, थाना नं0 281, खाता संख्या – 187, खेसरा संख्या – 743, रकबा 7 डी0)	29.66000	0.59400	5000.00	590.00 Or as per online mode	6 माह

2- विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक –22-10-2026
3- निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भीक तिथि एवं समय : दिनांक 17-11-2026 को 10.00 बजे पुर्वाह्न से (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4- प्री बीड़ मिटिंग का स्थान तिथि एवं समय : अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दिनांक 18-11-2026 को अपराह्न 02.00 बजे से 04.00 बजे तक।
5- निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 21-11-2026 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6- तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23-11-2026 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7- वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
8- निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
9- निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
10-विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल बक्सर।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
PR- 014347 (Planning) 2026-27 स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल बक्सर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, रेफर

बक्सर (आससे)। एनएच-922 पर टोल प्लाजा से आगे चंदा गांव के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा शर्मा ने घायल को प्रताप सागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घायल युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इजरी गांव निवासी गंगा सागर पांडेय के पुत्र हर्षित पांडेय के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। घायल के भाई मुकुल पांडेय को दुर्घटना की जानकारी मिलते ही वे अन्य लोगों की मदद से हर्षित को मेथोडिस्ट अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। बाद में चिकित्सकों की सलाह पर उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर करना पड़ा। टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर की पहचान और दुर्घटना के कारणों के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।



चोरी की गहनों के साथ दो महिला गिरफ्तार

बक्सर (आससे)। ट्रेन में यात्रियों के सामान पर हाथ साफ करने वाली दो महिलाओं को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चांदी की एक जोड़ी पायल और तीन जोड़ी बिछिया बरामद हुई हैं। बरामद गहनों की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने मंगलवार की शाम यह कार्रवाई की। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि शाम करीब 7:30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान वेटिंग हॉल के पास दो महिलाएं संदिग्ध हालत में दिखाई दीं। टीम ने दोनों को रोककर तलाशी ली। उनके पास कपड़े की एक पोटली मिली। पोटली खोलने पर चांदी की पायल और बिछिया बरामद हुईं। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों महिलाओं ने कथित तौर पर कोलकाता से आ रही एक ट्रेन में यात्री के बैग से गहने चोरी करने की बात बताई। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के बांडेल निवासी लक्ष्मी पासी (48) और आसनसोल जिले के बराकर निवासी पूजा पासी (26) के रूप में हुई है। गिरफ्तार महिलाओं में से एक पहले भी हुगली पीपी में कई बार जेल जा चुकी है।